# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–112/2026 6014 /पटना, दिनांक–15/5/26

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बाढ़ के अधीन MR (3054) योजनान्तर्गत कुल 03 (तीन) पथ यथा 1.Kondhi Path to Sadikpur 2. Ajgra MR Road to Khushal Chak Pul tak 3. PMGSY Road to Dholpur (Bhuapur) का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य संवेदक बालाजी इन्टरप्राईजेज, प्रो0–सुशील कुमार (निबंधन संख्याः–1230274), पताः–रामनन्दन सिंह, मोलदियार टोला, पीपर तर वार्ड संख्या–12, मोकामा, पटना, पिन कोड–803302 को आवंटित किया गया था।

संवेदक को संदर्भित पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य किये जाने का निदेश दिये जाने के उपरान्त संवेदक द्वारा दूरभाष पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बाढ़ के साथ दुर्व्यवहार करने तथा उनके परिवार के साथ अप्रिय धटना किये जाने की धमकी दिये जाने के कारण संवेदक बालाजी इन्टरप्राईजेज, प्रो0–सुशील कुमार (निबंधन संख्याः–1230274) के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गयी।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 4695 अनु0 दिनांक 17.04.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक द्वारा अपने स्पष्टीकरण में प्रतिवेदित आरोप का कोई जवाब नहीं दिया गया है, बल्कि उनके निविदा से संबंधित मामले में माननीय ट्रिब्युनल, बिहार, पटना में वाद दायर होने एवं इसे लंबित रहने तक कार्रवाई नहीं किये जाने का अनुरोध किया गया है। संदर्भित मामले का स्पष्टीकरण से कोई संबंध नहीं है।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी, समीक्षोपरान्त स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं पाया गया।

अतएव सम्यक समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (i) & (ii) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक बालाजी इन्टरप्राईजेज, प्रो0–सुशील कुमार (निबंधन संख्याः–1230274), पताः–रामनन्दन सिंह, मोलदियार टोला, पीपर तर वार्ड संख्या–12, मोकामा, पटना, पिन कोड–803302 के निबंधन संख्याः–1230274, PAN No. EXCPK4171D को कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

14/05/2026

(सुधीर कुमार)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–112/2026 6014 /पटना, दिनांक– 15/5/26

प्रतिलिपि– में संवेदक बालाजी इन्टरप्राईजेज, प्रो0–सुशील कुमार (निबंधन संख्याः–1230274), पताः–रामनन्दन सिंह, मोलदियार टोला, पीपर तर वार्ड संख्या–12, मोकामा, पटना, पिन कोड–803302 को सूचनार्थ प्रेषित।

14/05/2026

अभियंता प्रमुख

P.T.O

/पटना, दिनांक–15/5/26

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–112/2026 6014

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 14/05/2026

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक–15/5/26

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–112/2026 6014

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 14/05/2026

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक– 15/5/26

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–112/2026 6014

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 14/05/2026

अभियंता प्रमुख

/पटना, दिनांक–15/5/26

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–112/2026 6014

Website

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

ह0/- 14/05/2026

अभियंता प्रमुख